तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 13.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 26 मार्च 2026

12 अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए ...


12 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यशाला ...


## खबर संक्षेप

### बैंक कर्मी बनकर युवती से ठगे 1.77 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठग ने बैंक कर्मचारी बनकर रादौर रोड निवासी राधिका गोयल से एक लाख 77 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने युवती को बैंक कर्मचारी बनाकर रिवॉर्ड देने के नाम पर लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही युवती के अकाउंट से पैसे कटने शुरू हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। देवी मंदिर गली रादौर रोड निवासी राधिका गोयल ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मार्च को एक व्यक्ति का फोन आया। व्यक्ति ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया। आरोपी ने उसे रिवॉर्ड देने के नाम पर लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक किया तो उसके अकाउंट से अलग-अलग करके एक लाख 77 हजार रुपये निकलने के मैसेज आए।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मार्च को उसकी 23 वर्षीय लड़की किसी काम से घर से बाहर गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। जांच के दौरान मालूम हुआ कि लड़की को मलिकपुर खादर निवासी राजन शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### निर्माणाधीन मकान से फिटिंग का सामान चोरी

**यमुनानगर।** शहर के तिलक नगर निवासी पवन कुमार शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आनंद विहार कॉलोनी में पांचाल वुड वर्क्स गाबा अस्पताल के पास मकान बना रहा है। 23 मार्च को वह देर शाम काम खत्म करवा कर घर चला गया था। सुबह जब वह निर्माणधीन मकान पर पहुंचा तो वहां से अल्युमिनियम कॉपर एसी की फिटिंग पाइप तथा अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### दुकान का शटर काटकर चुराया लाखों का सामान

**यमुनानगर।** शहर की आनंद मार्केट में चोरों ने दुकान का शटर काटकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आनंद मार्केट निवासी मोहम्मद जहांगीर ने यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी आनंद मार्केट में नवाब माल के नाम से दुकान है। 23 मार्च को देर शाम वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान पर लगा शटर कटा मिला। जांच करने पर दुकान से चार एसी एमसीबी 150, छह पंखे, चार कैमरे, स्विच 400, कंसील्ड लाइट, पासबुक, चेक बुक, चेज ओवर की तारें व अन्य सामान गायब मिला।

### युवक से देसी पिस्तौल व पांच जिंदा राउंड बरामद

**यमुनानगर।** सीआईए टू पुलिस टीम ने मंडोली बस स्टॉप के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्तौल में पांच जिंदा राउंड बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीआईए टू पुलिस टीम में तैनात ईएचसी हरविंदर कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि मंडोली बस स्टॉप के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस काबू कर लिया।

## खाद्य नागरिक, आपूर्ति मंत्री ने लाडवा की अनाज मंडी का किया निरीक्षण

# गेहूं खरीद में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

- 1 अप्रैल से शुरू होगी प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद
- 416 मंडियां व खरीद केंद्रों पर किए गए पुख्ता इंतजाम
- किसानों व आढ़तियों की समस्याएं सुनकर समाधान के दिए निर्देश



लाडवा। लाडवा की अनाज मंडी का किया निरीक्षण करते खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री राजेश नागर व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा के खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने कहा कि किसानों व आढ़तियों को लेकर हरियाणा सरकार पूरी तरह से गंभीर हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो रही है। इसके साथ ही किसानों के लिए भी उचित व्यवस्थाएं मुहैया करवाने को कहा गया है। इन आदेशों में किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सुविधाओं, खरीद प्रक्रिया, सफाई तौल व्यवस्था का जायजा लिया

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री राजेश नागर ने बुधवार को लाडवा की अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में मौजूद सुविधाओं, खरीद प्रक्रिया, साफ-सफाई, तौल व्यवस्था और किसानों के लिए किए गए इंतजामों का जायजा लिया। इस मौके पर मंत्री ने आढ़तियों और किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। मंडी में पहुंचने पर स्थानीय लोगों और आढ़तियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों और आढ़तियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

### सभी व्यवस्थाएं पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित हों

प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद आगामी 1 अप्रैल से शुरू होगी और इसके लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। सरकार का लक्ष्य है कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जानकारी दी कि पूरे प्रदेश में गेहूं खरीद को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 416 मंडियां और खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के साथ-साथ हैफेड, हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन और भारतीय खाद्य निगम द्वारा खरीद प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित हों।

# हत्या करने के तीन दोषियों को आजीवन कारावास और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



21 जुलाई 2020 का है, जब पेहवा क्षेत्र में मनजीत सिंह की हत्या कर दी गई थी

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषियों में जसविन्द्र सिंह, बलजीत सिंह (जलाहा खेड़ी, पटियाला) और पेहवा क्षेत्र की एक महिला शामिल हैं। जिला न्यायवादी मेनपाल के अनुसार, 21 जुलाई 2020 को पेहवा निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका बेटा मनजीत सिंह, जो मजदूरी करता था, संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। घटना से एक दिन पहले वह घर गया था, लेकिन अगले दिन सुबह नाश्ते के लिए नहीं आया। बाद में परिजनों ने घर का दरवाजा अंदर से बंद पाया। अंदर जाकर देखा तो मनजीत सिंह खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। शिकायत के आधार पर थाना पेहवा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने तफ्तीश के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान गवाहों और सबूतों के आधार पर अदालत ने दोनों पुरुष आरोपियों को आईपीसी की धारा 302, 460 और 120बी के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास, 10 साल कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई।वहीं महिला आरोपी को धारा 120बी के तहत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा दी गई। अदालत ने स्पष्ट किया कि जुर्माना न भरने पर दोषियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।


### महिला तस्कर को 20 साल की कैद

**पानीपत।** एडिशनल सेशन जज कम फास्ट ट्रेक कोर्ट एनडीपीएस योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी की आरोपी कृष्णा पत्नी रामकिशन निवासी सौदापुर, पानीपत व संदीप जयसवाल पुत्र गणेश जयसवाल निवासी हरि नगर, गाबा कालोनी पानीपत को दोषी करार दिया है। कृष्णा को 20 साल की कारावास की सजा दी और दो लाख रुपये का जुर्माना किया। वहीं, संदीप को 10 साल के कठोर कारावास की सजा दी और एक लाख रूपये जुर्माना किया। पानीपत पुलिस ने कृष्णा व संदीप को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था और उनके पास से 66 किग्रा गांजा बरामद किया था। इधर, सीआईए थ्री स्टाफ में एएसआई विनोद कुमार की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने 17 जुलाई सन 2019 को कृष्णा व संदीप पर एनडीपीएस एक्ट 20 व 29 के तहत केस दर्ज करवाया गया था।

## पानीपत: अश्वनी हत्याकांड में भाई गिरफ्तार



**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने गोल गप्पे बेचने वाले 17 वर्षीय अश्वनी निवासी जगदीश नगर, कुटानी रोड, मूल निवासी गांव दौलतपुर जिला कानपुर उत्तर प्रदेश की हत्या के आरोप में डाबर कालोनी निवासी सगे भाइयों केशव व राजेश को गिरफ्तार किया है। वहीं केशव व राजेश ने अपने तीसरे साथी हनुमान कालोनी निवासी गौरव के साथ चाकू से प्रहार कर अश्वनी की हत्या की थी। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि तीनों ने अश्वनी से उसका मोबाइल छिनने की चेष्टा की, इस दौरान तीनों ने अश्वनी पर चाकू से प्रहार किए थे। वहीं, अश्वनी की हत्या के आरोप में थाना किला में नंदकिशोर निवासी भारत नगर, मूल निवासी गांव रायपुर जिला जालौन, उत्तर प्रदेश की शिकायत पर अश्वनी के हत्या के आरोप में केस दर्ज है। वीरेंद्र ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच व मुखबिर तंत्र के सहयोग से आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। पूरे मामले की जानकारी लेने को पुलिस ने दोनों को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, राजेश व केशव पर पहले भी अपराधिक केस दर्ज है।



कुरुक्षेत्र। अंडर-21 नेशनल कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता मातांशु व अन्य।

## कुरुक्षेत्र के मातांशु ने भोपाल में गाड़ा जीत का झंडा

# अंडर-21 नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के गांव बजीदपुर के होनहार खिलाड़ी मातांशु रंगा ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया(काई) द्वारा आयोजित अंडर-21 नेशनल कराटे चैंपियनशिप में स्वर्णिम सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन किया है। 23 और 24 मार्च को आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के 50 किलोग्राम भार वर्ग में मातांशु ने अपनी तकनीक और फुर्ती का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) पर कब्जा जमाया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राइजिंग स्टार कराटे अकादमी के प्रशिक्षकों और समस्त क्षेत्रवासियों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मातांशु रंगा का खेल करियर निरंतर सफलताओं की कहानी रहा है। गौर करने वाली बात यह है कि मातांशु कुरुक्षेत्र के ऐसे एक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने पहली बार कराटे की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर धाक जमाई थी।

### नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर की चोरी

- सीसीटीवी फुटेज से घटना उजागर हुई
- ऑफिस, अलमारी और मेज के ताले तोड़ दिए

**कुरुक्षेत्र।** जिले के दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे एनएच-44 के पेट्रोल पंप से रात 2 लोग हथियार के बल पर पैसे लेकर फरार हो गए। आरोपी चुपचाप पंप के ऑफिस में घुसकर ताले तोड़कर अलमारी से 12 हजार रुपये निकाल लिए। दोनों ने कपड़े से अपना मुंह ढका हुआ था। सुबह पंप कर्मियों ने ऑफिस के ताले टूटे देखे, तो तुरंत संचालक और डायल-112 को सूचना दी। संचालक ने सीसीटीवी फुटेज देखी, तो घटना उजागर हो गई। घटना के वक्त पंप पर दो कर्मी मौजूद थे। उधर, पुलिस सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान करने में लगी है। पुलिस ने संचालक की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पेट्रोल पंप के मालिक दीपक मलिक निवास किशनपुरा ने थाना सदर थानेसर में बताया कि वे रात करीब 8 बजे ऑफिस का ताला लगाकर घर चले गए थे। रात की ड्यूटी पर दो कर्मी दीपक और क्रिस तैनात थे। वे रात करीब 1 बजे अपना-अपना काम खत्म करके ऑफिस के पास वाले कमरे में जाकर सो गए। रात करीब 2 बजे दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधे और हाथ में हथियार लेकर पहुंचे। उन्होंने ऑफिस, अलमारी और मेज के ताले तोड़ दिए।

# पशु अवशेष मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी पशुओं को काटकर उसका मांस बेचने का काम करते थे तथा पहचान छुपाने को सिर नहर में फेंक देते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। कोर्ट मे आरोपियों को पेश करने ले जाती सीआईए की टीम फोटो : हरिभूमि

इंद्री क्षेत्र मे पश्चिमी यमुना नहर व धनौरा एस्केप में पशुओं के अवशेषों के मिलने के मामले पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले सीआईए -1 की टीम ने तीन आरोपियों को काबू किया है। तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को इंद्री कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है । सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह ने प्रेस वार्ता मे बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी इंद्री क्षेत्र की नहर की पटरी पर पशुओं को काटकर उसका मांस ले जाकर बेचने का काम करते थे तथा पहचान छुपाने के लिए सिर को नहर में फेंक देते थे। उन्होने बताया कि पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपियों को नुक्कड़ क्षेत्र से काबू किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को करनाल लाया गया, जहां पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गौ तस्करी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है । उन्होने बताया कि इस मामले की जांच एसपी करनाल द्वारा सीआईए-1, सीआईए-2 और सीआईए-3 को सौंपी गई थी। तीनों टीमों ने लगातार मिलकर काम किया और मंगलवार शाम को तीन आरोपियों को पकडऩे में सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान यूपी के सहारनपुर जिले के रहने वाले नवाब, शहजाद और आजम के रूप में हुई है। इनमें नवाब और शहजाद आपस में सगे भाई हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# 20 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- पुलिस ने दो शातिर ठगों को पंजाब से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



आर्थिक अपराध शाखा ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जाली नोटों के कंटेनर को छुड़वाने के नाम पर 20 लाख की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरसा के राजवीर सिंह व शहजादपुर के रोहित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने दोनों को पंजाब के डेराबस्सी इलाके से काबू किया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बपौली के रहने वाले जितेंद्र को विश्वास में लेने के लिए एक फिल्मी कहानी रची। उन्होंने जितेंद्र को बताया कि राजस्थान सीमा पर जाली नोटों से भरा उनका एक कंटेनर (ट्रक) पकड़ लिया है। इस ट्रक को छुड़वाने के लिए 12 लाख की रिश्वत देनी होगी। आरोपियों ने लालच दिया कि एक बार ट्रक सिरसा गया, तो उसके बदले सबको 15 करोड़ की असली भारतीय करेंसी मुनाफे के तौर पर मिलेगी। सात गुना से भी ज्यादा मुनाफे के लालच में आकर जितेंद्र ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से उधार मांगकर कुल 20 लाख जुटाए और आरोपियों को सौंप दिए। यह पूरी राशि 17 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2025 के बीच किस्तों में हड़पी गई। जब जितेंद्र को अहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई जिस पर 18 दिसंबर 2026 को मुकदमा दर्ज किया गया। गुप्त सूचना तंत्र की मदद से आरोपियों का पीछा किया और आखिरकार उन्हें पंजाब से गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया है।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 3 अप्रैल को अवार्ड वितरण समारोह


### पदक, प्रशस्ति-पत्र व एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी

# मेटाबोलिक रोग शोध में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. दुर्बा पाल को मिलेगा राजीब गोयल पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 3 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित राजीब गोयल पुरस्कार समारोह में मेटाबोलिक रोगों, सूजन (इन्फ्लेमेशन) और मधुमेह से संबंधित अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. दुर्बा पाल को सम्मानित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गोयल अवार्ड आयोजन समिति के चेयरमैन प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि 45 वर्ष से कम आयु के चार प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को राजीब गोयल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कार के अंतर्गत विजेताओं को पदक, प्रशस्ति-पत्र तथा एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित इस भव्य समारोह में देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जिससे यह आयोजन युवा वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

### 50 शोध-पत्र प्रकाशित कर चुकी



प्रो. अनिता भटनागर ने बताया कि मेटाबोलिक रोगों की जैविकी पर केंद्रित अपने शोध के माध्यम से डॉ. पाल अब तक नेचर मेडिसिन, नेचर नैनोटेक्नोलॉजी, नेचर कम्युनिकेशंस, मॉलिक्यूलर थेरेपी, डायबिटीज, सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर लाइफ साइंसेज, जर्नल ऑफ बायोलॉजिकल केमिस्ट्री, एसीएस एप्लाइड नैनोमेटेरियल्स तथा जेसीआई इनसाइट सहित अनेक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में लगभग 50 शोध-पत्र प्रकाशित कर चुकी हैं। उनके नाम दो अमेरिकी पेटेंट और एक भारतीय पेटेंट भी दर्ज हैं। उनके मार्गदर्शन में अब तक चार शोधार्थियों ने पीएचडी पूर्ण की है, जबकि कई शोधार्थी वर्तमान में उनके निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं।

### शोध-पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर मेडिसिन में प्रकाशित हुआ

आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष प्रो. एस.पी. सिंह ने बताया कि डॉ. दुर्बा पाल का जन्म 15 जून 1982 को पंजाब के पटियाला में हुआ। उन्होंने वर्ष 2002 में बी.एससी. तथा 2004 में जूलॉजी में एमएससी की डिग्री कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने विश्वभारती विश्वविद्यालय से शोध कार्य करते हुए वर्ष 2015 में पीएचडी की उपाधि अर्जित की। पीएचडी के बाद वे अमेरिका के ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी में प्रो. चंदन के. सेन के शोध समूह में पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो के रूप में कार्यरत रहीं। भारत लौटने के बाद उन्होंने आईआईटी रोपड़ के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग में कार्यभार संभाला और मेटाबोलिक इन्फ्लेमेशन तथा मधुमेह से संबंधित अनुसंधान के लिए अपनी स्वतंत्र प्रयोगशाला स्थापित की। पुरस्कार समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने बताया कि डॉ. पाल ने अपने शोध करियर के प्रारंभिक चरण से ही उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके पीएचडी शोध कार्य पर आधारित शोध-पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर मेडिसिन में प्रकाशित हुआ, जो मोटापे से उत्पन्न इंसुलिन प्रतिरोध से संबंधित था। पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान के दौरान उन्नत पुनर्जनन उपचार (एडवांस्ड रीजेनेरेटिव थेरेप्यूटिक्स) पर उनका शोध नेचर नैनोटेक्नोलॉजी में प्रकाशित हुआ।

# नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी से 10.5 लाख की अफीम बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी सिकंदर उर्फ सेठी वासी छोटा सियाना जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से करीब 10 लाख 50 हजार रुपये की 4 किलो 300 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है। 23 मार्च 26 को एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी की टीम गांव किशनपुरा मोड़ के पास मौजूद थी। सूचना मिली कि सिकंदर उर्फ सेठी वासी छोटा सियाना जिला कुरुक्षेत्र अफीम बेचने का काम करता है। जो शामली यूपी से अफीम लेकर कुरुक्षेत्र से होता हुआ पेहवा व ईस्माइलाबाद एरिया में अफीम बेचने के लिए जायेगा। टीम ने शक के आधार पर लड़के को रोककर उसका नामपता पूछने पर उसने अपना नाम सिकंदर उर्फ सेठी वासी छोटा सियाना जिला कुरुक्षेत्र बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से करीब 10 लाख 50 हजार रुपये कीमत की 4 किलो 300 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सदर थानेसर में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

खबर संक्षेप



## गर्भवती महिलाएं ग्रहण करें पोषित आहार

**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत नागरिक अस्पताल जगाधरी में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष निःशुल्क एंटीनेटल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुज मंगला ने किया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुज मंगला ने बताया कि गर्भवती महिलाओं द्वारा पूर्ण आहार लेने पर ही गर्भ में बच्चे को मां के माध्यम से आहार प्राप्त होता है और बच्चा स्वस्थ पैदा होता है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का आवश्यकता अनुसार अल्ट्रासाउंड व सभी प्रकार की प्रयोगशाला जांच निःशुल्क कराई गई। सभी गर्भवती को एक एक माह के लिर आयरन,फोलिक एसिड व कैल्शियम की गोलियां दी गई तथा टीडी के टीके लगाए गए। सभी महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं, सावधानियों व पोषक आहार बारे पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. गीतांजली द्वारा गर्भवती महिलाओं की जॉच की गई।

### प्रदर्शनकारियों ने लगाया जगाधरी के हुडा सेक्टर-17 में सफाई व्यवस्था की बदहाली का आरोप

# गंदगी से भरी रेहड़ियों के साथ भाजपा जिला कार्यालय के समक्ष नागरिकों ने किया प्रदर्शन

- नागरिकों व एसो.ने सरकार व नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर





यमुनानगर। भाजपा के जिला कार्यालय के समक्ष गंदगी से भरी खड़ी रेहड़ियां व प्रदर्शन करते हुए हुड्डा सेक्टर-17 के नागरिक। फोटो : हरिभूमि

अर्बन एस्टेट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-17 जगाधरी के बैनर तले स्थानीय नागरिकों ने सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय यमुना कमल के समक्ष गंदगी से भरी रेहड़ियों को खड़ा करके प्रदर्शन किया। मौके पर हुडा सेक्टर-17 के नागरिकों व एसोसिएशन के सदस्यों ने सरकार व नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

बुधवार सुबह अर्बन एस्टेट वेलफेयर एसोसिएशन हुडा सेक्टर-17 जगाधरी के प्रधान देवेंद्र राणा के नेतृत्व में स्थानीय सैंकड़ो नागरिक गंदगी से भरी रेहड़ियां लेकर भाजपा जिला कार्यालय के समक्ष पहुंच गए। इस दौरान वहां पर सैंकड़ों नागरिकों द्वारा दर्जनों की संख्या में गंदगी से भरी रेहड़ियों के साथ प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर मौजूद भाजपा के कुछ कार्यकताओं ने कार्यालय के गेट बंद कर दिया। इसके बाद एसोसिएशन के सदस्य व नागरिक नारेबाजी करने लगे। मौके पर एसोसिएशन के प्रधान देवेंद्र राणा, सुमेश राणा, भारत भूषण अनेजा, सुरेंद्र गुप्ता, सचिन कांबोज, मंदीप शर्मा, आशीष कुमार आदि ने बताया कि जगाधरी के सेक्टर-17 और उसके आसपास कई स्थानों पर नगर निगम के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से अनधिकृत डंपिंग यार्ड बना दिए गए थे। जिन्हें बाद में एक स्थान पर शिफ्ट किया गया। लेकिन इसके बावजूद इलाके में गंदगी के ढेÞर कम नहीं हुए। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा उन्हें टिप्पर लगाने पर मजबूर किया जा रहा है। मगर वह चाहते हैं कि रेहड़ी द्वारा घरों से कूड़ा कर्कट उठवाया जाए। नागरिकों ने बताया कि जगाधरी का हुडा सेक्टर-17 शहर का पॉश इलाका है। मगर इस सेक्टर की सफाई व्यवस्था इतनी बदहाल हो चुकी है कि लोगों का सांस लेना भी दुर्भर हो गया है। उन्होंने बताया कि हवा चलने पर सेक्टर में पड़ी गंदगी उड़कर घरों में पहुंचने लगी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन द्वारा सूखे और गीले कूड़े को लेकर जो व्यवस्थाएं बनाई गई थीं। वह भी केवल कागजों में ही सीमित हैं। न तो घरों से समय पर कूड़ा उठता है और न ही डंपिंग यार्ड में कचरे को सही तरीके से निपटाया जाता है। इसी नाराजगी के चलते आज लोगों ने भाजपा कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर अपना विरोध जताया है। मौके पर एसोसिएशन सदस्यों ने भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा से इस संबंध में बातचीत की और साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह अगली बार कूड़ा कर्कट से भरी रेहड़ियों को कार्यालय में डालने पर मजबूर होंगे।

### सफाई व्यवस्था में नहीं आने देंगे कोई कमी

भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने एसोसिएशन सदस्यों को भरोसा दिलाया कि सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए अधिकारियों से बात की है। अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि सेक्टर-17 में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

न्यूज डायरी



## आर्य समाज ने सनातन संस्कृति को सत्य वैदिक सिद्धांतों से जोड़ने का किया कार्य : डॉ. पंडित

**यमुनानगर।** डीएवी डेंटल कालेज में बुधवार को आर्य समाज के स्थापना दिवस एवं डीएवी संस्थाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदमश्री पूनम सूरी के जन्म दिन के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में कॉलेज स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने आहुतियां डाली। आचार्य सूर्यपाल शास्त्री ने विधि विधान के साथ यज्ञ संपूर्ण करवाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने कहा कि हवन यज्ञ आर्य समाज में ईश्वर उपासना, पर्यावरण शुद्धि, और स्वास्थ्यवर्धक जड़ी बूटियों के माध्यम से रोगों के नाश का सबसे प्रमुख साधन है। जो मानसिक शांति और शारीरिक ऊर्जा प्रदान करता है। यह पंच महायज्ञों में से एक है जो प्रतिदिन अनिवार्य माना गया है। इससे पर्यावरण और जन कल्याण की कामना की जाती है। उन्होंने बताया कि आर्य समाज की स्थापना के चलते सप्ताह भर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था।



## अनाज मंडी में समय रहते पूरे करें इंतजामः शर्मा

**यमुनानगर।** गेहूं खरीद को लेकर अनाज मंडी छछरौली स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में आढ़तियों व कमेटी के कर्मचारियों और अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मार्केट कमेटी छछरौली के चेयरमैन कैलाशचंद शर्मा ने की। मौके पर कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश अग्रवाल व मंडी सचिव ऋषिराज यादव भी मौजूद रहे। चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा ने बैठक में मौजूद मार्केट कमेटी के कर्मचारियों को अनाज मंडी में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी छछरौली में गेहू खरीद के लिए सभी इंतजाम समय रहते पूरे कर लें। वहीं, अनाज मंडी में स्ट्रीट लाइटों को तुरंत ठीक करवाया जाए। इसके अलावा अनाज मंडी में पेयजल की व्यवस्था समेत अन्य सभी इंतजाम पूरे कर लें। मौके पर मार्केट कमेटी सचिव ऋषीराज यादव ने मंडी आढ़तियों को हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पूरी तरह से पालना की जाएगी।

## बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान रखकर खतरों से बचाएं

**यमुनानगर।** जिला पुलिस प्रशासन ने अभिभावकों को अपने बच्चों की दिनचर्या पर विशेष ध्यान रखने के लिए आहवान किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन से अपने बच्चों को नदी नालों के पास नहीं जाने देने के लिए अनुरोध किया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं। जिनमें बच्चे नदी और नालों के किनारे जाकर हादसों का शिकार हुए हैं। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें संभावित खतरों से बचाएं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि अक्सर देखा गया है कि बच्चे खेल खेल में या फिर रील बनाने के चक्कर में नदी नालों के किनारे पहुंच जाते हैं।





यमुनानगर। आदिबदी में स्थित माता मंत्रा देवी मंदिर से शोभायात्रा व पालकी निकालते मां के भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

# शोभायात्रा निकाल श्रद्धालुओं ने मां का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

चैत्र शुक्लपक्ष के नवरात्र के चलते श्रद्धालुओं ने बुधवार को आदिबद्री स्थित प्राचीन भगवती माता मंत्रा देवी मंदिर के प्रांगण से शोभायात्रा निकाली और मां के सातवें स्वरुप कालरात्रि की पूजा अर्चना की। शोभायात्रा में आकर्षक रुप से मां की पालकी भी सजाई गई। शोभायात्रा मंदिर से शुरु होकर आदिबद्री क्षेत्र से होती हुई अंत में मां मंत्रा देवी के मंदिर में जाकर संपन्न हुई।

### मां के जयकारों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ की

व्यासपुर के आदिबद्री क्षेत्र में ऊंची पहाड़ियों पर स्थित मां मंत्रा देवी के मंदिर से सुबह आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां मंत्रा देवी के मंदिर से शुरू होकर आदिबद्री की परिक्रमा करने के बाद शाम को मंदिर प्रांगण में जाकर संपन्न हो गई। इस दौरान शोभायात्रा में आकर्षक रुप से सजी मां की पालकी का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। खास बात यह थी कि पालकी के साथ चल रही शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु गगनभेदी मां के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। श्रद्धालु सुधीर, राजीव, मुकेश, बिट्टू, विक्रांत, विशाल, गुरदीप, सतीश व जयपाल आदि ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष के नवरात्रों में हर वर्ष शोभायात्रा व मां की पालकी निकाली जाती है। पालकी की शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु भाग लेकर मां की कृपा पाते हैं।

### सातवें स्वरूप की श्रद्धालुओं ने की पूजा

बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की। पंडित जसपाल आचार्य ने बताया कि मां दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि शुभदायिनी है। भक्तों का कल्याण करने वाली है। इसे शुभंकरी के नाम से भी जाना जाता है। मां कालरात्रि हमें अभय प्रदान करती है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देती है। मां का यह स्वरुप हमें कर्मयोगी जीवन जीने की कला सिखाता है।

# पीच 4.0 स्पर्धा में जेएमआईईटीआई के बच्चों ने पाया अव्वल स्थान

- विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों ने अपने अभिनव विचारों एवं स्टार्टअप मॉडल्स को प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। स्थित जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में जानकारी देते मेधावी छात्र।

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर छात्रों ने पीच 4.0 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता यूआईईटी कुरुक्षेत्र की ओर से आयोजित करवाई गई थी, जिसमें जेएमआईईटीआई के छात्र ईतेश, अंकित एवं लक्ष्य ने शानदार प्रदर्शन किया। उनकी इसी उपलब्धी पर उन्होंने बेस्ट इनोवेटर श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों ने अपने अभिनव विचारों एवं स्टार्टअप मॉडल्स को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट एआई पॉवर्ड डिफेंस ड्रोन को प्रस्तुत किया, जो आधुनिक तकनीक पर आधारित एक अभिनव समाधान है। प्रोजेक्ट ने अपनी उपयोगिताए तकनीकी दक्षता व नवाचार के कारण निर्णायकों को अत्यंत प्रभावित किया। संस्थान के छात्रों ने अपने अनूठे व व्यावहारिक इनोवेशन से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों की यह सफलता उनके समर्पण, नवाचार क्षमता एवं उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है। संस्थान सदैव विद्यार्थियों को नई सोच और स्टार्टअप संस्कृति के लिए प्रेरित करता रहा है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र राष्टीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। भविष्य में भी वे इसी प्रकार नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष उपासना सूद, रोबोटिक्स लैब इंचार्ज डॉ नेहा चाचरा एवं संकाय सदस्यों ने भी छात्रों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डोमेस्टिक वायलेंस एक्ट समेत अन्य अधिनियमों की दी जानकारी

**यमुनानगर।** हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला सत्र न्यायाधीश डॉ.दयानंद भारद्वाज के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर यमुनानगर में आशा वर्कर्स व आंगनवाड़ी वर्कर्स के लिए कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने किया। इस दौरान पैनल अधिवक्ता अमिता कुमारी व दीक्षा मौजूद रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य आशा कार्यकर्ताओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को डोमेस्टिक वायलेंस एक्ट, सैक्सुअल हरासमैंट ऑफ वुमन एक्ट वर्कप्लेस एक्ट 2013, किशोर न्याय अधिनियम व पॉक्सो, दहेज निषेध अधिनियम के मुख्य प्रावधानों से अवगत कराना रहा। उन्होंने प्रतिभागियों से इन कानूनों के बारे में आमजन को जागरुक करने के लिए अपील की।

# केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग हो रहा लाभांवितः अरोड़ा

- भाजपा द्वारा यमुनानगर विधासभा क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित किया प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। भाजपा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करते हुए भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 कार्यक्रम के तहत यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के लिए शहर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

मुख्यातिथि एवं विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि मंडल स्तरीय प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांगठनिक मजबूती और कार्यकर्ताओं के वैचारिक कौशल को निखारने के लिए आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया।

विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने केंद्र की मोदी सरकार व हरियाणा की नायब सरकार की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान सम्मान निधि, बुढ़ापा पेंशन, जन धन योजना, उज्जवला गैस योजना, द्रोण दीदी आदि योजनाओं से हर जाति हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आज लोग मोदी सरकार व नायब सरकार से पूरी तरह खुश हैं। भाजपा कार्यकर्ता ही भाजपा सरकार की असली ताकत है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने शिविर में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी व सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर मदन चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में निपुणता, कार्य कुशलता और आत्मविश्वास बढ़ता है। नायब सरकार में गरीब परिवारों को सपनों का घर मिल रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा,मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, मंडल महामंत्री पूजा, मंडल महामंत्री मनीष, चेयरमैन राकेश त्यागी, जगदीश बब्बर व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

## विभाग ने 51 ओवरलोड वाहनों के काटे चालान, 23 लाख 11 हजार 500 रुपये का वसूला जुर्माना

# जिले में अवैध खनन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद : जिला उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। अवैध खनन को रोकने के लिए वाहनों की चैकिंग करती विभागीय टीम।

जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे है। इसी संदर्भ में जिला उपायुक्त प्रीति द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हुए है कि वे समय समय पर चैकिंग अभियान चलाकर अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठाएं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला उपायुक्त ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और अवैध खनन होने वाले स्थानों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार ने बताया कि पिछले 10 दिनों में ओवरलोड वाहनों के 16 चालान किए गए हैं, जिन पर कुल 5 लाख 97 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

इस प्रकार पिछले 40 दिनों में ओवरलोड वाहनों के कुल 51 चालान किए गए हैं, जिन पर 23 लाख 11 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है और अवैध खननध्परिवहन के लिए 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा गांव पोबारी में अवैध खनन की बार-बार होने वाली घटनाओं को देखते हुएए मोबाइल टीम विशेष रूप से ऐसे वाहनों को पकड़ने के लिए रात में नियमित रूप से अचानक छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में पिछले 10 दिनों में 29 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया है और उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए, उप-मंडल में त्रिवेणी चौक, जठलाना और गुमथला में तीन नाका पॉइंट स्थापित किए गए हैं, जहाँ चौबीसों घंटे वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। साथ ही खनन सामग्री ले जाने वाले वाहनों और अवैध खनन की आशंका वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए मोबाइल टीमें दिन.रात गश्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि खनन गतिविधियों को निर्धारित मानदंडों के अनुरूप क्रियान्वयित नहीं किया जाता है तो इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

## आज होगा जय दुर्गा मंदिर में मां भगवती का जागरण

- 25 मार्च को मां कालरात्रि की विशेष आरती का आयोजन

**रादौर।** कस्बा रादौर के जय दुर्गा मंदिर माता मोहल्ला में 26 मार्च को 57 वें मां भगवती जागरण आयोजित किया जा रहा है। 25 मार्च को मां कालरात्रि की विशेष आरती का आयोजन हुआ। वहीं 27 मार्च को सुबह आरती व दोपहर 12 बजे कार्यक्रम की समाप्ति पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

जानकारी देते हुए जय दुर्गा मंदिर समिति प्रबंधक अरविंद रोहिल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर अरविंद रोहिल, राजीव रोहिला, कृष्ण गोपाल, धर्मवीर रोहिला, मुकेश, मास्टर पवन, दिनेश, राजेश, विनोद, मास्टर बलजीत रोहिला, हरि सिंह आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों ने विभिन्न चरणों के माध्यम से अपने समन्वय कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में बैटल ऑफ ट्विस्टर्स का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ ।

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में बुधवार को बैटल ऑफ ट्विस्टर्स नामक गतिविधि का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रो. सिमरन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की अंग्रेजी उच्चारण क्षमता, भाषा प्रवाह व आत्मविश्वास को विकसित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की छह टीमों ने भाग लिया। छात्रों ने विभिन्न चरणों के माध्यम से अपनी कम्युनिकेशन एवं समन्वय कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। गतिविधि ने लैंग्वेज लर्निंग को रोचक बनाया व विद्यार्थियों के मन से अंग्रेजी बोलने की झिझक को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस गतिविधि में प्रथम धीरज, प्रांजल, सचिन व तनिश की टीम, दूसरा स्थान हरप्रीत व महक की टीम एवं तीसरा स्थान अजय, साहिल, कुलदीप व रोहन की टीम ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। प्रिंसिपलए डॉ. माला शर्मा ने इस सफल आयोजन की सराहना की तथा इसे कौशल. आधारित एवं सहभागितापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर डॉ महेंद्र सिंह, डॉ. रिचा सिकरी, प्रो. आशीष भल्ला, प्रो. पूजा वर्मा, प्रो. जय चंद, प्रो. पिंकी रानी, प्रो. बंटी कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों के लिए लगाया मुफ्त चिकित्सा शिविर

**कुरुक्षेत्र।** हमारा शरीर एक खेत के सामान है और हम सब किसान है। इसकी सब प्रकार से सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। जब हम अपने शरीर रूपी खेत की उत्तम देखभाल नहीं करते है तो यह रोग ग्रस्त हो जाता है। चिकित्सक वास्तविक रूप से इस शरीर के लिए परमात्मा स्वरूप है। यह विचार महावतार बाबा मेडिटेशन सेंटर के परमाध्यक्ष योगीराज बाबा अमर ज्योति जी महाराज ने मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कुरुक्षेत्र की महिला विंग द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

### सुरक्षा कर्मचारियों को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने सुरक्षा कर्मियों के लिए दो नई इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी हैं। इन स्कूटियों के माध्यम से सुरक्षा कर्मियों को विश्वविद्यालय के विस्तृत परिसर में त्वरित गश्त करने में सुविधा मिलेगी, जिससे सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बधाई देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रहा है।

### यूआईईटी के 12 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की गेट परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की तकनीकी शिक्षा निरंतर नई बुलंदियों को छू रही है। इसी क्रम में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के 12 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित गेट (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

### जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न स्थानों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव किरमच स्थित कम्युनिटी मेडिटेशन सेंटर में एक विशेष आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक जागरूकता, स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य आमजन को आयुर्वेद, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। आयुर्वेद की जानकारी दी गई और उनके द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या, जीवनशैली संबंधी रोगों की रोकथाम के बारे में बताया जाएगा।

## कुवि में 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का शुभारंभ

# सिनेमा भारतीय संस्कृति की अभिव्यक्ति का प्रतीकः ज्ञानानंद

*कलाकारों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संस्कृति सोसाइटी फॉर आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र के सहयोग से 8वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का भव्य शुभारंभ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा वियतनाम में नवंबर माह में आयोजित होने वाले ओवरसीज फिल्म फेस्टिवल तथा इंडो-मोरक्को ओवरसीज फिल्म फेस्टिवल के पोस्टरों का भी विमोचन किया गया। अपने आशीर्वचन में स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि भारतीय सिनेमा हमारी समृद्ध संस्कृति और मूल्यों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म महोत्सव विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसके माध्यम से वे सिनेमा के जरिए संस्कृति और समाज को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। उन्होंने महोत्सव की टैगलाइन सिनेमा से सरोकार, संस्कृति से प्यार की सराहना की। मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि फिल्म फेस्टिवल छात्रों के सांस्कृतिक और बौद्धिक विकास का परिचायक है। सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज, संस्कृति और विचारों को जोड़ने का सशक्त मंच भी है। वहीं डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी ने कहा कि भारतीय फिल्म जगत ने अपनी विशिष्ट पहचान के माध्यम से भारतीय संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त भारतीय फिल्म जगत की प्रसिद्ध हस्तियां अंजना नाथन, डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी तथा प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक उमेश शुक्ला भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एसडी कॉलेज, पानीपत के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, वहीं वियतनाम के कलाकारों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डीवाएसीए निदेशक प्रो. विवेक चावला, डॉ. सलोनी, पवन दीवान एवं डॉ.आबिद अली द्वारा किया गया। इस अवसर पर फेस्टिवल के डायरेक्टर धर्मेंद्र डांगी, प्रो. आर.आर. फुलिया, प्रो. सुभाष, प्रो. महावीर, प्रो. सुखवीर, डायरेक्टर-प्रोड्यूसर राजेंद्र यशबाबू, प्रो.शुचिस्मिता, विकास शर्मा, अनूप, सुरेंद्र, डॉ. राजन शर्मा, वेद प्रकाश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। साथ ही फिल्म वॉलिंटियर्स श्वेता, अक्षिता, हर्षित, रिया, जश्न, लक्की, सिमरन, प्रकृति, साहिल, निखिल, साक्षी, तेजवीर, ट्विश आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का शुभारंभ करते स्वामी ज्ञानानंद।



कुरुक्षेत्र। समारोह में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### केयू में 3000 विद्यार्थियों को प्रदान की जाएंगी डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 35वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में बुधवार को सीनेट हॉल में दीक्षांत समारोह को भव्य, गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दीक्षांत समारोह से संबंधित तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि दीक्षांत समारोह की शुरूआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम गीत से की जाएगी, ताकि कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रभक्ति, गौरव और सकारात्मक ऊर्जा के वातावरण में हो सके। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी विद्यार्थी के शैक्षणिक जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण अवसर होता है। यह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार 4 अप्रैल को आयोजित होने वाले 35वें दीक्षांत समारोह को गरिमामय और यादगार बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों, निदेशक एवं प्राचार्यों को विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह के बारे में सूचित कर ज्यादा से पंजीकरण करने का आह्वान किया। दीक्षांत समारोह के संयोजक डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश ने बताया कि 35 वें दीक्षांत समारोह में लगभग 3000 विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधियां प्रदान की जाएंगी। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए उनके शैक्षणिक जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का अवसर होगा, जिसमें उन्हें उनकी मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## गजकेसरी योग में दुर्गाष्टमी आज, कल रामनवमी का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि को मां दुर्गा की आठवीं शक्ति महागौरी और नवमी तिथि को मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि में 26 मार्च को दुर्गा अष्टमी का व्रत किया जाएगा लेकिन इस बार रामनवमी तिथि को लेकर कुछ लोगों में कनफ्यूजन की स्थिति बनी हुई है लेकिन किसी भी तरह के भ्रम में न पड़ते हुए 26 मार्च को दुर्गा अष्टमी का व्रत किया जाएगा तो 27 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। नवरात्रि की अष्टमी और नवमी तिथि को विशेष रूप से सिद्धि और शक्ति प्राप्ति का दिन माना जाता है। इन दिनों कन्याओं में देवी के नौ रूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का वास माना जाता है। इसलिए इन दिनों कन्या पूजन करने का विशेष फल मिलता है। धार्मिक मान्यता के अनुसारा, अष्टमी व नवमी तिथि को कन्याओं को भोजन कराने और उनका आशीर्वाद लेने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गायत्री ज्योतिष अनुसन्धान केंद्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि इस दिन ग्रहों की स्थिति भी खास रहने वाली है. शुक्र ग्रह मेष राशि में प्रवेश करेंगे, वहीं गुरु और चंद्रमा की युति से गजकेसरी योग बनेगा।



**शुभ मुहूर्त**

- 26 मार्च वीरवार दुर्गा अष्टमी कन्या पूजन मुहूर्त सुबह 6 बजकर 12 मिनट से 7 बजकर 51 मिनट तक और सुबह 10 बजकर 56 मिनट से 3 बजकर 32 मिनट तक रहेगा
- रामनवमी कन्या पूजन मुहूर्त 27 मार्च शुक्रवार को
- सर्वार्थ सिद्धि योग -6 बजकर 17 मिनट से 3 बजकर 24 मिनट तक
- अभिजित मुहूर्त-12 बजकर 2 मिनट से 12 बजकर 51 मिनट तक

### सातवें नवरात्र पर मां कालरात्रि के रूप में हुआ संकीर्तनः आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि नवरात्रों के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। माता के इस सातवें रूप को कालरात्रि कहा जाता है, माँ कालरात्रि अपने भक्तों को सदैव शुभ फल प्रदान करने वाली होती है। इस कारण इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। यह देवी काल रात्रि ही महामाया है और भगवान विष्णु की योगनिद्रा है। नवरात्रों का सातवां दिन तांत्रिक क्रिया की साधना करने वाले भक्तों के लिए अति महत्वपूर्ण होता है। देवी का यह रूप ऋद्धि सिद्धि प्रदान करने वाला है। सप्तमी पूजा के दिन तंत्र साधना करने वाले साधक मध्य रात्रि में देवी की तांत्रिक विधि से पूजा करते है तथा इस दिन मां की आंखें खुलती है। पुजारी पण्डित राहुल मिश्रा ने वैदिक मन्त्रों के साथ मां दुर्गा का विशेष पूजा और अर्चना मुख्य यजमान आशा कवातरा के परिवार सहित करवाया।

## जय मां भद्रकाली के उद्घोष से गूंजा वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- महासप्तमी पर मां भद्रकाली शक्तिपीठ में मनोकामना पूर्ण हवन का आयोजन

चैत्र नवरात्रि का सातवां दिन माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में माँ कालरात्रि की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ । पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि माँ कालरात्रि माँ दुर्गा का उग्र एवं शक्तिशाली स्वरूप हैं, जो अपने भक्तों के समस्त भय, बाधाओं और नकारात्मक शक्तियों का नाश कर उन्हें साहस और निर्भयता प्रदान करती हैं। प्रातः मंदिर के कपाट खुलते ही मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने मंगला आरती संपन्न करवाई, जिसमें माँ को प्रिय गुड़ का भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत नवपत्रिका पूजन विधि-विधानपूर्वक संपन्न किया गया, जिसमें नौ पवित्र वनस्पतियों के समन्वित गुच्छ के माध्यम से देवी के विभिन्न स्वरूपों का आह्वान कर पूजा-अर्चना की गई। मंगला आरती रोहित शर्मा एवं मुकेश कुमार ने की।



पूणार्हुति के क्षणों में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक हाथ जोड़कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया और वातावरण जय माँ भद्रकाली के उद्घोष से गूंज उठा। पीठाध्यक्ष ने बताया कि हवन सनातन परंपरा की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और वैज्ञानिक साधना है, जो न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम है, बल्कि वातावरण की शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा के संचार में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि हवन के माध्यम से मन की एकाग्रता बढ़ती है, नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है तथा व्यक्ति को मानसिक और आत्मिक बल प्राप्त होता है।

## कोयले के बढ़े दामों के कारण ईंट हुई महंगी

**अब घर बनाना होगा महंगा, कुरुक्षेत्र में जिला भट्ठा एसोसिएशन की बैठक में चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अब घर बनाना महंगा होने वाला है क्योंकि कोयले के बढ़े दामों के कारण ईंट काफी महंगी हो गई है। हालात ये हैं कि भट्ठा संचालक भी परेशान हो गए हैं। उन्हें भी भट्ठे बंद करने की नौबत आ गई है। अगर ऐसा हुआ तो इन भट्ठों पर काम करने वाली लेबर को भी रोजी रोटी के लाले पड़ सकते हैं। इसी विषय को लेकर जिला भट्ठा एसोसिएशन कुरूक्षेत्र की एक बैठक कुरुक्षेत्र के एक निजी होटल में आयोजित की गई। इस बैठक में कुरुक्षेत्र जिला के सभी भट्ठा संचालक शामिल हुए। बैठक में कोयले की आ रही समस्या को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भट्ठा संचालकों ने बताया कि बीते 15 दिनों में 8 से 10 हजार रुपए टन कोयले का रेट बढ़ा है। जिसकी वजह से भट्ठे वालों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उनके लिए आगे भट्ठा चलाना मुश्किल हो गया है। बीते कई वर्षों से भट्ठे जून तक चलते थे, लेकिन इन हालातों में ये भट्ठे जल्द बंद करने पड़ सकते हैं। जिला प्रधान अश्वनी अरोड़ा, चेयरमैन राकेश गोयल ने बताया कि पहले कोयले पर 5 प्रतिशत जीएसटी होता था जोकि अब 18 प्रतिशत हो गया है। इससे कोयले की कीमत कई गुना बढ़ गई है। ऐसे में इसका असर देशभर में चल रहे निर्माण कार्यों पर भी पड़ेगा।



**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जिला प्रधान अश्वनी अरोड़ा, चेयरमैन राकेश गोयल, लाडवा ब्लाक अध्यक्ष रणधीर सिंह, पिहोवा ब्लॉक प्रधान नवीन, राजीव शर्मा, नितेश, संदीप, परविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, रणधीर, देव गुप्ता, मोहन लाल, राकेश राणा, कृष्ण सैनी, दीपक गोयल, हन्नी, दीपक मित्तल, तेजपाल मथाना, क्षितिज अरोड़ा, अशोक शर्मा, अजय गोयल, केवल गोयल आदि उपस्थित रहे।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने बारना में निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई

**थानेसर।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आज यह मेडिकल यूनिट थानेसर हल्का के गांव बारना पहुंची, जहां गांववासियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार का लाभ लिया। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट की मैडिकल टीम ने गांव बारना में 89 मरीजों की जांच कर उन्हें उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप परामर्श दिया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं, जबकि 7 लोगों को रक्त और मूत्र जांच की सुविधाएं भी मौके पर ही प्रदान की गईं। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान के अंतर्गत मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित व्यायाम अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रही है।



## अग्निशमनकर्मी 8-9 को करेंगे हड़ताल : राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दो दिवसीय 8 व 9 अप्रैल की राज्यव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के हरियाणा के सभी 103 अग्निशमन केंद्रों के कर्मचारियों से संपर्क करने के लिए राज्यस्तरीय नेताओं के चार टीमों का गठन किया गया है। हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिणद के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान जत्था कुरुक्षेत्र दमकल केंद्रों के फायर कर्मचारियों से मिला और उनकी सभाएं आयोजित कर हड़ताल में शामिल होने के लिए अपील की। जत्थे मे उनके साथ अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य सचिव मनजीत सिंह, वरिष्ठ नेता जयप्रकाश भी उपस्थित रहे। अब यह जत्था, यमुनानगर, अम्बाला के फायर कर्मचारियों से मीटिंग कर हड़ताल में शामिल होने का आहवान करेगा। हरियाणा फायर विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिणद ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार न्याय देने में देरी कर रही है बल्कि शहीद फायर फाइटर भविचंद, रणवीर सिंह को न्याय दिलाने के लिए फायर कर्मचारिय ेंको आंदोलन करने के लिए मजबूर कर रही है। प्रधान राजेंद्र सिणद ने चेतावनी दी है, कि यदि फायर कर्मचारियों को सरकार ने न्याय नहीं दिया और फायर कर्मचारीयो की मांगों का समाधान नहीं किया तो फायर के कर्मचारी दो दिवसीय हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में परिवर्तित करने का निर्णय लेंगे।






### संकल्प-पत्र के 217 में से 60 वादों को किया पूरा 120 वादों पर काम प्रगति पर : सुमन सैनी

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 60 वादों को पूरा कर दिया है। यही नहीं 120 वादों पर काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को धरातल पर लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूरे प्रदेश में जमीनों व सम्पत्तियों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन शुरू किया है। अब रजिस्ट्री का काम पूरी तरह डिजिटल हो गया है। उपाध्यक्षा सुमन सैनी बुधवार को लाडवा के शिवाला राम कुंडी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लाडवा विधानसभा के नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देश भी दिए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, नपा चेयरपर्सन साक्षी खुराना, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा आदि मौजूद रहे।



### सिख संगत से नकारे गए लोग ट्रस्ट को लेकर कर रहे बेबुनियाद बयानबाजी : चीमा

**शाहबाद।** मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड रिसर्च चैरिटेबल ट्रस्ट के सी.ई.ओ. संदीप इन्द्र जीत सिंह चीमा ने कहा कि सिख संगत द्वारा पहले ही नकारे जा चुके लोग अब ट्रस्ट के खिलाफ बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे लोगों का न तो सिख मयार्दाओं से कोई सरोकार है और न ही जनसेवा से। मीरी-पीरी संस्थान में पत्रकारों से बातचीत करते हुए संदीप इन्द्र सिंह चीमा ने कहा कि जिन लोगों का अतीत विवादों से घिरा रहा है, वही आज ट्रस्ट को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिख संगत ने पहले ही चुनावों में इन्हें करारा जवाब दे दिया है। संदीप इन्द्र सिंह चीमा ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर और सशक्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि संस्थान में रोजाना 500 से अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है जो यहां की सेवाओं की गुणवत्ता को प्रदर्शित करता है। मंहगी दवाओं की बात को सिरे से नकारते हुए उन्होंने कहा कि अब मीरी-पीरी में चिकित्सकों को हिदायत दी गई है रोगी की पर्ची पर दवा के साथ-साथ उसका साल्ट भी लिख दिया जाये ताकि रोगी अपनी इच्छानुसार कहीं से भी दवाई ले सके। हरियाणा सिख पंथक दल के प्रवक्ता जगदेव सिंह गाबा ने कहा कि ट्रस्ट की योजना जल्द ही मेडिकल कॉलेज शुरू करने की है, लेकिन प्रदेश सरकार से एनओसी न मिलने के कारण यह परियोजना अटकी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने वाले लोग प्रदेश सरकार द्वारा एनओसी न दिए जाने के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

**कार्यक्रम** | समारोह में दुनिया भर से हजारों लोग करेंगे शिरकत

# महाराजा सूरजमल की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का मेरठ में भव्य अनावरण समारोह 29 मार्च को

*प्रत्येक ब्लॉक जिला स्तर पर निमंत्रण दिया जा चुका*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद का एक और ऐतिहासिक कार्य जाट समाज के नव-निर्माण में मील का पत्थर बनेगा। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा निर्मित हिंदू हृदय सम्राट, वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल की उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतिमा का 29 मार्च को सकौती टांडा, मेरठ, उत्तर प्रदेश में भव्य अनावरण होगा। प्रतिमा की ऊंचाई 51 फीट है। कुरुक्षेत्र अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामावतार पलसानिया ने बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री के तौर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शिरकत करेंगे व अध्यक्षता राजस्थान के पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, सांसद हनुमान बेनीवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व सांसद हरपाल सिंह पंवार, मोहित बेनीवाल शिरकत करेंगे। समारोह में दुनिया भर से हजारों लोग शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिरोही जैलदार ने बताया कि 29 मार्च को हरियाणा के प्रत्येक ब्लॉक जिला स्तर पर निमंत्रण दिया जा चुका है और हजारों की तादाद में लोग मेरठ उत्तर प्रदेश पहुंच कर जाट समाज की एकता को मजबूत करेगा। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नवीन नैन ने बताया कि सभी पदाधिकारियों से संवाद कर गाड़ियों और बसों की व्यवस्था कर ली है और 29 मार्च को सुबह मेरठ के लिए हजारों की संख्या में लोग मेरठ के लिए कूच करेंगे।



कुरुक्षेत्र। प्रतिमा अनावरण समारोह के लिए निमंत्रण देते अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष रामावतार पलसानिया व अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान कृष्ण श्योकंद।

### महापुरुष किसी एक जाति के नहीं सभी आदर करें : कृष्ण श्योकंद

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं होते हैं, बल्कि उनका सम्मान करना हम सबका फर्ज है। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद देश दुनिया में जाट समाज के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही हैं। हम भी जाट संसद के साथ मिलकर जाट समाज की एकता व अखंडता के लिए साझा प्रयास करेंगे और 29 को जाट धर्मशाला की पूरी टीम महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में पहुंचकर समाज की एकजुटता का परिचय देंगे और भविष्य में जाट समाज के नवनिर्माण के लिए सामाजिक कुरीतियों के खात्मे के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज चहल, प्रदेश प्रधान महासचिव जयवीर ढांडा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव राजकुमार चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक कालीकावणा सरपंच-पाढा, गुरमीत सिंह प्रदेश सचिव, मनजीत भाल प्रदेश महासचिव, कैथल जिलाध्यक्ष विक्रम मानस, तेजी ढांडा, अशोक राणा सहित अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विभागीय अधिकारियों की ली मीटिंग

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में बच्चों में कुपोषण के प्रभावी प्रबंधन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) तथा शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों व हितधारकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जानकारी दी गई कि नीति आयोग के स्टेट सुपोर्ट मिशन, 'स्वर्ण जयंती हरियाणा इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल मैनेजमेंट (एसजेएचआईएफएम) के माध्यम से एक पायलट पहल शुरू की जा रही है।

### टीबी के प्रति लोगों को किया जागरूक

**शहजादपुर।** विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक करना तथा इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाना रहा। इस वर्ष की थीम हां हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं, के अनुरूप लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरप्रीत सिंह तथा डॉ. वैशाली अग्रवाल द्वारा की गई।

सालाना उत्सव आयोजित

शहजादपुर। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूल लेवल वार्षिक महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। इसमें सांस्कृतिक, शैक्षणिक तथा खेल उत्सव कार्यक्रम आयोजित किये गये। यह उत्सव डीडीओ मधु चौहान के निर्देशन में हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं ने कविता, अंग्रेजी गाना, पंजाबी गिद्दा और हरियाणवी सोलो और हरियाणवी समूह नृत्य प्रस्तुत किए।

### राजकीय महिला कॉलेज में दिए करियर के टिप्स

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्राओं के उज्जवल भविष्य और करियर मार्गदर्शन हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय भारत में उच्च शिक्षा और करियर की संभावनाएं रहा। कार्यशाला में संजीव साहनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए भारत में उच्च शिक्षा के बदलते स्वरूप और उभरते हुए करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### 21 कुंडीय शुभकामना महायज्ञ का आयोजन

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के यशस्वी प्रधान एवं पद्मश्री अलंकृत डॉ. पूनम सूरी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 21 कुंडीय शुभकामना महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। महायज्ञ में विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों ने पूरे श्रद्धा भाव से भाग लिया।

---

सीएम नायब सैनी 28 को दिखाएंगे हरी झंडी, डीसी ने अफसरों संग की बैठक

# अंबाला रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए चलेगी निःशुल्क ट्रेन

मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत अंबाला छावनी से अयोध्या धाम के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते डीसी अजय सिंह तोमर।

मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत 28 मार्च को अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी।

इस ट्रेन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे। इससे पहले वीसी के माध्यम से सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडूरंग ने कार्यक्रम के दृष्टिगत विस्तार से जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने वीसी के माध्यम से बताया कि अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से 28 मार्च को बाद दोपहर 4 बजे अंबाला से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन जाएगी। यहां से अंबाला, पंचकूला व यमुनानगर के श्रद्धालु जिन्होंने सरल पोर्टल पर पंजीकरण किया था वे यहां से अयोध्या यात्रा के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि सभी श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए मैसेज कर दिया गया है। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्टेशन की साफ-सफाई व्यवस्था , आईआरसीटीसी रेलवे से आए अधिकारियों को ट्रेन की डेकोरेशन करने के साथ साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए ट्रेन में जलपान की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य कार्य करने बारे, रेलवे जीआरपी से आए पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्था करने करने के भी आदेश दिए। इसके अलावा स्टेशन परिसर में हेल्प डैस्क की व्यवस्था , स्टेशन परिसर से श्रद्धालुओं को ट्रेन में ले जाने के लिए वॉलंटियर्स की व्यवस्था करने , जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी को माईक के साथ-साथ व्यवस्थाओं को करने के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने अंबाला छावनी एसडीएम को कहा कि वे कार्यक्रम स्थल का जायजा लें ताकि जो भी व्यवस्थाएं कार्यक्रम के दृष्टिगत करनी है वे समय रहते होनी सुनिश्चित हो सके। यहां बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पात्र बुजुर्ग श्रद्धालुओं को विभिन्न तीर्थ स्थलों की निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की गई है। इसी कड़ी में अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन 28 मार्च को चलेगी। यह ट्रेन यहां से कुरूक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत होते हुए दिल्ली के रास्ते होते हुए अयोध्या के लिए जाएगी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, एसीयूटी राहुल कंवरिया, एसपी रेलवे नीतिका गहलोत, एसडीएम विनेश कुमार, आईआरसीटीसी से अर्शदीप, स्टेशन अधीक्षक, डीएसपी विजय कुमार भी मौजूद रहे।

#### खाने-पीने की भी निःशुल्क व्यवस्था

उपायुक्त ने कहा कि एक ट्रेन में 11 कोच होंगे। इनमें से 10 कोच श्रद्धालुओं के लिए तथा एक कोच सर्विंग स्टाफ के लिए रहेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने की व्यवस्था, श्रद्धालुओं को तीर्थ स्थल तक पहुंचाने के लिए बसों आदि का प्रबंध तथा ठहरने की व्यवस्था भी हरियाणा सरकार द्वारा निशुल्क की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत, 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से कम है को निःशुल्क पवित्र स्थलों की यात्रा करवाई जाती है। योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र व्यक्ति तीर्थ यात्रा के लिए आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण करते हैं।

---

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

कालपी के पास रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन दोस्तों को टक्कर मार दी। इस हादसे में अंकित की मौत हो गई जबकि विशाल व सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी कार चालक मौके पर कुछ देर रुकने के बाद अपनी गाड़ी लेकर भाग गए। पुलिस ने घायल सौरभ कुमार के बयान पर चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बिहटा गांव के सौरभ कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त अंकित व विशाल के साथ शाम को मुलाना स्थित माता मंदिर में माथा टेकने आए थे। रात करीब 10 बजे जब तीनों अपनी बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे तभी कालपी स्थित स्विमिंग पूल के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार आई-10 कार ने टक्कर मार दी। तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। अब पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस की मानें तो इसके लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

- हादसे को अंजाम देकर आरोपी चालक फरार, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुरानी घास मंडी टी-प्वाइंट के निकट सुबह वाहन की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। महिला के शव को पुलिस ने अंबाला सिटी के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी हरभजन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने वाहन चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हरभजन सिंह ने बताया कि मानकपुर चौक पर चाय की दुकान चलाते हैं। सुबह करीब 3:50 बजे वह दुकान पर मौजूद थे। तभी कार ने महिला को टक्कर मार दी थी। हादसे में जख्मी महिला ने दम तोड़ दिया। अब पुलिस महिला की पहचान का प्रयास कर रही है।

---

## जमानत पर आते ही फिर अपराध को दिया अंजाम, किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** पकड़ा गया शातिर आरोपी।

पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ कठोरता से कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना अम्बाला छावी में दर्ज मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी मुकुल वासी दीना की मंडी को गिरफ्तार कर 2 दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी। सहायक उप निरीक्षक गुरदेव सिहं ने बताया कि शिकायतकर्ता संजीव वासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अंबाला छावनी ने 24 मार्च 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मुकुल व अन्य ने रामबाग रोड में लड़ाई-झगड़ा करके धारदार हथियार से उसके दोनों हाथ काट देने व जान से मारने का प्रयास करते मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्परता से आरोपी को गिरफ्तार कर उससे वारदात में प्रयुक्त हथियार व एक्टिवा बरामद कर ली है। आरोपी के खिलाफ छावनी में पहले भी मामला दर्ज है। न्यायालय से जमानत पर रिहा किया हुआ है। जमानत का फायदा उठाकर आरोपी ने फिर से अपराध को अंजाम दिया है।

## चेयरमैन ने गिनवाई नपा की उपलब्धियां

- एक साल के भीतर शुरू करवाई विकास योजनाओं की दी विस्तार से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। एक साल पूर्ण होने पर चेयरमैन व पार्षदों को बधाई देते हुए पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान।

नगर पालिका बराड़ा के चेयरमैन रजत मलिक ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर 'संकल्प के 365 दिन' शीर्षक के तहत जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस रिपोर्ट में बीते एक साल के दौरान कराए गए विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। नगर पालिका के इतिहास में पहली बार किसी जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह पारदर्शिता के साथ कार्यों का लेखा-जोखा सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने चेयरमैन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे लोकतंत्र में जवाबदेही की मजबूत मिसाल बताया। रिपोर्ट कार्ड में वार्ड 1 से 16 तक किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया गया है। इसमें सड़कों और गलियों के निर्माण, कई स्थानों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने, फायर ऑफिस में रिटेनिंग वॉल निर्माण, वार्ड नंबर 1 में डॉग शेल्टर स्थापना तथा विभिन्न क्षेत्रों में नालियों के निर्माण जैसे कार्य प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा सरकारी स्कूल रोड पर आकांक्षी शौचालय निर्माण और कम्युनिटी सेंटर के आसपास रास्तों के सुधार कार्य भी प्राथमिकता में रहे। मलिक ने कहा कि उनका उद्देश्य बराड़ा का समग्र विकास और प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि कई नई परियोजनाओं के टेंडर जारी हो चुके हैं और जल्द ही क्षेत्र में और विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षदों और गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया।

#### ये हैं प्रमुख उपलब्धियां

बंसल पैलेस से श्मशान घाट तक 31 पोलों पर नई स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं, स्ट्रीट लाइट शिकायतें: 368 ऑनलाइन, 485 ऑफलाइन समाधान, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की शिकायतें: 92 ऑनलाइन, 275 ऑफलाइन निवारण, 45 स्थानों पर पैचवर्क कार्य पूर्ण किया। सफाई की 46 ऑनलाइन, 210 ऑफलाइन शिकायतों का समाधान। 16 परिवारों को पीएम आवास योजना में 11 लाख रुपये का लाभ। 206 परिवारों को लालडोरा स्वामित्व अधिकार।

---

## गन पॉइंट पर पेट्रोल पंप से बदमाशों ने लूटे 9 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

इलाके में कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए बदमाशों ने देर रात एक पेट्रोल पंप पर गन पॉइंट पर लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ओम फिलिंग स्टेशन पर रात करीब 10:15 बजे एक सफेद स्विफ्ट कार में सवार तीन युवक पहुंचे। पेट्रोल भरवाने के बहाने आए बदमाशों ने अचानक सेल्समैन पर पिस्टल तान दी और कैश देने की धमकी दी। जान बचाने के लिए सेल्समैन वहां से भाग गया और अपने साथी को भी आवाज लगाई। इसी दौरान एक बदमाश कार से उतरकर सीधे ऑफिस में घुसा और कैश बॉक्स से करीब 9 हजार रुपये व एक बैग उठाकर फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि वह आरोपियों को सामने आने पर पहचान सकता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) व आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बदमाशों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इलाके में नाकाबंदी कर चेकिंग भी बढ़ा दी गई है। इस वारदात ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## चोरियों की बढ़ती वारदातों पर पुलिस की सख्ती, कबाड़ियों को दी हिदायत

- चोरी का माल खरीदने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। कबाड़ियों की बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी ।

शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सतिंद्र सिवाच के मार्गदर्शन में डीएसपी सुरेश कुमार ने लघु सचिवालय में कबाड़ी व्यवसायियों की बैठक बुलाकर साफ संदेश दे दिया कि अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। डीएसपी सुरेश कुमार ने दो टूक कहा कि अगर कोई भी कबाड़ी चोरी का सामान खरीदता या बेचता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ सीधी और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी कबाड़ी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि कबाड़ी दुकानदार सामान बेचने वाले हर व्यक्ति का पूरा रिकॉर्ड रखें। इससे अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस को तेजी मिलेगी।


**बराड़ा।** बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी।

#### एनीमिया पर प्रहार के लिए स्कूलों को मिली जिम्मेदारी

बराड़ा। एनीमिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए प्रशासन अब जमीनी स्तर पर सख्त और सक्रिय नजर आ रहा है। एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के तहत उपमंडल के सभी स्कूलों के अभियान इंचार्ज के लिए लघु सचिवालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपमंडल अधिकारी सतिंद्र सिवाच के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूलों के माध्यम से बच्चों, महिलाओं और अभिभावकों में एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रभावी नियंत्रण के उपाय लागू करना रहा। अभियान के कॉऑर्डिनेटर विनय गांधी ने प्रशिक्षण के दौरान चेताया कि एनीमिया तेजी से फैल रही एक गंभीर समस्या है, जो खासकर महिलाओं, गर्भवती माताओं और बच्चों को प्रभावित कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खून की कमी बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करती है, जबकि महिलाओं में कमजोरी और थकान जैसी समस्याएं बढ़ाती है।

---

## छात्रों को कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी की दी विस्तार से जानकारी

- राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में आयोजित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। कार्यशाला के दौरान मौजूद छात्र।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आईआईसी सेल एवं कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा मेधा फाउंडेशन के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का परिचय देना, विभिन्न एआई टूल्स की समझ विकसित करना तथा उनके वास्तविक जीवन एवं उद्योगों में उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला के सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं सहभागितापूर्ण रहे, जिससे विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता पंकज कोहली रहे, जिन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अपने अनुभव एवं ज्ञान को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईआईसी सेल एवं कंप्यूटर साइंस के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) देशराज बाजवा के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिनके सतत प्रोत्साहन से महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता को बढ़ावा मिल रहा है।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का दिया परिचय

## अद्भुत आध्यात्मिक चेतना का साक्षी बना डीएवी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** यज्ञ के दौरान स्कूली छात्र।

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का प्रांगण गत सप्ताह एक अद्भुत आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का साक्षी बना। विविध कार्यक्रमों की एक सजीव श्रृंखला ने पूरे वातावरण को संस्कारों की सुगंध से सराबोर कर दिया। यह सप्ताह केवल आयोजनों का क्रम नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से साकार हुआ एक जीवंत उत्सव था, जिसने शिक्षा को संस्कारों से जोड़ने का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रमों की इस श्रृंखला का शुभारंभ आर्य समाज स्थापना दिवस के पावन अवसर पर हुआ, जहां वैदिक सिद्धांतों, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा विद्यार्थियों को प्रदान की गई। इसके उपरांत महात्मा आनंद स्वामी के गिरफ्तारी दिवस (हैदराबाद आंदोलन) को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों ने त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना को आत्मसात किया। इसी क्रम में विद्यालय के पूर्व-प्राथमिक विभाग में मनाया गया वरिष्ठ जन दिवस विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के साथ मिलकर न केवल आनंद के पल साझा किए, बल्कि बड़ों के आशीर्वाद से संस्कारों की उस धारा को भी अनुभव किया, जो पीढ़ियों को जोड़ती है। इस अवसर ने विद्यालय और अभिभावकों के मध्य आत्मीयता के सेतु को और अधिक सुदृढ़ किया। सप्ताह भर चले इन कार्यक्रमों के मध्य आनंदम शिविर का आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का स्रोत बना।

#### कार्यक्रम के दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय के गौरव, चिरांशु तनेजा एवं मुकुल जिंदल जिन्होंने भारतीय सिविल सेवाओं में चयनित होकर संस्थान का नाम रोशन किया, का उनके अभिभावकों सहित सम्मान किया गया। उनका संक्षिप्त संदेश विद्यार्थियों के लिए प्रेरक रहा। इस भव्य आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में वंदना सोढ़ी का विशेष योगदान रहा, जिनके सतत प्रयासों से सभी कार्यक्रम सुचारु रूप से संचालित हुए। आर्य युवा समाज की संचालिका श्रीमती गौरी वंदना ने अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए बताया कि इस आयोजनों ने विद्यार्थियों में न केवल सांस्कृतिक चेतना का संचार किया, बल्कि उनमें अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध भी विकसित किया।